# ई-गवर्नेंस, प्रशासनिक सुधारों और निर्णय लेने की प्रक्रिया में दक्षता आवश्यक

ई-गवर्नेंस, प्रशासनिक सुधारों और निर्णय लेने की प्रक्रियोमं दक्षता का होना जरूरी है। इसका लक्ष्य अंत में नागरिकों का डिजिटल सशक्तिकरण है। यह बातें बुधवार को भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में भारत सरकार के डीएआरपीजी के सचिव वी श्रीनिवास ने कही।

उन्होंने वैश्विक चुनौतियों से निपटने राष्टों के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को भी आवश्यक बताया। मालूम हो कि आइआइएम में बुधवार से छठें ब्रिक्स विकास और शासन सम्मेलन शुरू हुआ।

सम्मेलन में डिजिटलीकरण और सुशासन पर भी चर्चा हुई। इसके साथ ही ब्रिक्स में युवा विद्यानों के लिए चुनौतियों के बारे में बताया गया। इस सम्मेलन में प्रमुख रूप से आइआइएम रायपुर के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी, डा. आशापूर्णा बरूआ आदि उपस्थित थे।



आइआइएम ब्रिक्स सम्मेलन में चर्चा करते विशेषज्ञ। ● आइआइएम

Naiduniya,city,07 March 2024,P.03